मुख्यमंत्री 12 जनवरी को दुर्ग नारायणपुर, गिरौदपुरी और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे

रायपुर11 जनवरी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 12 जनवरी को दुर्गए नारायणपुरए गिरौदपुरी यजिला बलौदाबाजार और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भिलाई से सवेरे 10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 10ण10 बजे दुर्ग जिले के नेवई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचेंगे और वहां स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। श्री बघेल पूर्वान्ह 11ण40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जिला मुख्यालय नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम पहुंकर वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1ण40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बलौदाबाजार जिला स्थित बाबा गुरूघासी दास की जन्मस्थली एवं कर्मस्थली गिरौदपुरी पहुंचेंगे और वहां मंदिर में पूजाणअर्चना करने के बाद नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे। श्री बघेल अपरान्ह 3ण20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बिलासपुर आएंगे और वहां व्यापार विहार में आयोजित व्यापार मेले का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5ण10 बजे रायपुर लौट आएंगे।

श्रीरूद्र कल्याण यज्ञ और भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 14 से

रायपुर11 जनवरी। सेजबहार से 14 जनवरी से श्रीरूद्र कल्याण यज्ञ और भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। आठ दिवसीय इस कार्यक्रम में देश.प्रदेश के संतजन भाग लेंगे। आयोजन के संबंध में आचार्य रवीन्द्र शास्त्रीए पंण् अजीत शास्त्री और ज्योतिषाचार्य अरुणेश कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह 8 से 12 बजे तक श्रीरूद्र कल्याण यज्ञ और दोपहर एक बजे से भागवत प्रवचन होगा। भागवत प्रवक्ता पंण् अजयशरण देवाचार्य चित्रकूटधाम होंगे।

मनोचिकित्सक संघ की कार्यशाला आज

रायपुर11 जनवरी। छग मनोचिकित्सक संघ एवं जनरल हॉस्पिटल स्पेशलिटी सेक्शन इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला 12 जनवरी को आयोजित है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का विषय साइकेट्री इशूज इन सुपर स्पेशलिटी पर आधारित है। जिसमें देश.प्रदेश से ख्यातिलब्ध विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इसमें रायपुर भिलाई मंगलोर नागपुर जबलपुर लखनउ मुंबई भिवंडी भोपाल सहित अनेक महानगरों से विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान पैनल डिस्कशन भी होगा।

महापौर ने सेंट पैलोटी कालेज परिसर में ओपन जिम का शुभारंभ किया

रायपुर, 11 जनवरी । राजधानी शहर के प्रथम नागरिक महापौर प्रमोद दुबे ने राजधानी के होलीक्रास कांपा स्कूल के समीप शहर के सेंट पैलोटी कालेज के परिसर में कालेज के विद्यार्थियों, स्टाफ षिक्षको की स्वास्थ्य सुविधा हेतु नगर निगम रायपुर के जोन 3 के लोककर्म विभाग के माध्यम से स्थापित किये गये गार्डन ओपन जिम का फीता काटकर कालेज परिसर में नगर निगम जोन 3 के जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, जोन कमिष्नर अरूण कुमार साहू सहित सेंट पैलोटी कालेज के प्राचार्य प्राध्यापको, जोन 3 के अधिकारियों की उपस्थिति में शुभारंभ कर सेंट पैलोटी कालेज को स्वास्थ्य सुविधा से संबंधित शानदार सौगात दी । महापौर दुबे ने इस अवसर पर सेंट पैलोटी कालेज के प्राध्यापको, स्टाफसहित विद्यार्थियों को नववर्ष 2019 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगर निगम जोन 3 के माध्यम से कालेज परिसर में उपलब्ध करवाये गये गार्डन ओपन जिम का जीवन में स्वास्थ्य वर्धक वातावरण प्राप्त करने पूर्ण सदूपयोग करने का आव्हान किया। महापौर दुबे ने कहा कि इसी प्रकार गार्डन ओपन जिम नगर निगम में विभिन्न उद्यानो सहित विभिन्न षिक्षण संस्थाओं में स्कूल कालेजों में विद्यार्थियों एवं षिक्षको को सहज स्वास्थ्य वर्धक वातावरण देने लगवाये है। जिनका बडी संख्या में नगर के आमजनों सहित स्कूल कालेज के विद्यार्थी प्राध्यापक सदूपयोग कर सहज लाभ प्राप्त कर रहे है। महापौर ने स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्राप्त कर रायपुर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में देष का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर बनाने आगे आकर सकारात्मक सोच के साथ भागीदार बनने का आव्हान सेंट पैलोटी कालेज के सभी षिक्षको व विद्यार्थियों से किया।

हम बदले की नहीं, बदलाव की बात करते हैं - भूपेश

रायपुर11 जनवरी। शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विपक्ष पर जमकर बरसे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बदलापुर की राजनीति वाली बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बदलापुर को ख़ारिज करते हुए अपनी सरकार को बदलाव की राजनीति करने वाली सरकार बताया है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ये बदलापुर नही है, यह बदलाव की सरकार है । बदले की नही पर न्याय की बात जरुर होगी। चाहे झीरम हो चाहे नान हो। सबकी जाँच होगी।

उन्होंने डॉ.रमन सिंह सहित भाजपा के सदस्यों को करारा जवाब दिया । मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में बदले की नहीं बल्कि न्याय की बात होगी ।चाहे झीरमघाटी नक्सल हमला हो, चाहे नान घोटाला हो, चाहे अंतागढ़ टेपकांड हो या फिर अगुस्ता हेलीकॉप्टर घोटाला सभी मामले की जांच होगी । आप बार बार बदले की बात कर रहे हैं । यहां कोई बदलापुर की राजनीति नहीं चल रही है यहां न्याय दिलाने की बात हो रही है। वहीं भूपेश बघेल ने विपक्ष को पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की ओर से किए गए शिकायतों को लेकर कहा कि ननकी राम कंवर ने आपको अधिकारी की शिकायत की थीए लेकिन उसे रद्दी की टोकरी में डाल दिया । आपने सम्मान नहीं किया, लेकिन हम सम्मान करेंगे । पूर्व मंत्री कंवर ने जो पत्र दिया है उस पर भी कार्रवाई का आदेश दिया है। आईजी कल्लूरी को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि कल था आपका जो अधिकारी बहुत ही विश्वासपात्र था उसे ही जांच का जिम्मा दिया है। अब वही बताएगा कि सीएम मैडम कौन है सीएम सर कर कौन है जबकि पूर्ण शराबबंदी को लेकर विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोग शराबबंदी को लेकर सवाल उठा रहे हैं । ये कोई नोटबन्दी नहीं है जिसमें हजारों लोग मर गएण् किसी को विश्वास में नहीं लिया गयाण् 500 के नोट को रद्दी के टोकरे में डाल दिया गयाण् हमने कहा है हम शराबबंदी करेंगे लेकिन राज्य में 85 तहसील अनुसूचित क्षेत्रों में आता है ् हम बात करेंगे । हमने कमेटी भी बनाई है ।

उन्होंने कहा भाजपा चाहती है कि 20 दिन में फैसला हो जाये । फैसला होगा लेकिन पूर्ण व्यवस्था के साथ हमें जनमत 5 साल के लिए मिला है।उन्होंने कहा कि शराब एक सामाजिक बुराई है । सरकार के साथ.साथ समाज को भी आगे आना होगा । हमने इसकी कोशिश भी शुरू कर दी है । चाहे नक्सलवाद का मुद्दा हो या शराबबंदी का जो पूर्ववत व्यवस्था है, वह चलती रहेगी भले ही इसमें सालभर क्यों न लग जाये ् हम चर्चा करने के बाद, विश्वास में लेने के बाद कठोर कदम उठाएंगे ।

भूपेश बघेल ने विपक्ष पर यह भी तंज कसा कि जांजगीर चाम्पा के उस मेले को आप भूल गए जिसमें चिटफंड कम्पनी का उद्घाटन आपने किया था। आपने तीन हजार उन एजेंटों को जेल में ठूस दिया, जो स्थानीय लोग हैंए जिन्होंने पहले कंपनियों में निवेश किया और बाद में एजेंट बने । ये गरीबों के खून पसीने की कमाई का पैसा है । ये कमीशनखोरी का पैसा नहीं हैण् हम वापस दिलाएंगे । अभी तो सरकार को 20 दिन ही हुए हैं । शिक्षाकर्मी, आंगनबाड़ी सबकी हमें चिंता है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अभी किसानों के आकंड़े आने बाकी है ।आपने 106 करोड़ माफ किया था हमने 6100 करोड़ माफ किया है । 15 सालो तक आप सरकार में रहे लेकिन क्या नीति थी नक्सल मुद्दे को लेकर ् क्लोजडोर मीटिंग हुई थी लेकिन क्या अमल किया गयाण् हम सिर्फ जवानों को श्रद्धांजलि देते रहे । पिछली सरकार के सीएम ने नक्सलियों को गले लगाने की बात कही थी । बिगड़ा बेटा कहा था । हमने कहा है हम प्रभावित लोगों से पत्रकारों से, वकीलों से बात करेंगे । आप ने तो जवानों का भी सम्मान नहीं किया ।

जवानों की लाशों को आपने कचरे की गाड़ी में उठाई थी । इसी रायपुर में जवानों की वर्दी कूड़े दान में फेंक दी थी । इतनी बड़ी संख्या में कभी किसानों की कर्जमाफी नहीं हुई उसके बाद भी आप किन्तु परंतु लगा रहे हैं । आज छत्तीसगढ़ का किसान महसूस कर रहा है कि पहली बार किसानों की सरकार बनी है । आप 15 साल में 2100 रुपये देने का फैसला नहीं कर पाए ।

रमन बने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

रायपुर 11 जनवरी । छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीन बार सत्ता में काबिज कराने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉण् रमन सिंह को पार्टी के शिखर नेतृत्व ने संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के दौर में संगठनात्मक परिवर्तन के तहत उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। वैसे राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने डॉण् रमन के साथ ही मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के बाद यह लगभग तय माना जा रहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉण् रमन सिंह 15 साल बाद फिर से छत्तीसगढ़ में भाजपा का संगठन सम्भालेंगे। लेकिन जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष के चुनाव में आयी अंदरुनी अड़चनों की वजह से राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रामलाल को हस्तक्षेप करना पड़ा और अंततः डॉण् रमन की पसंद धरमलाल कौशिक के नाम पर मुहर लगाई गईए उसके बाद लगता है कि भाजपा ने डॉ रमन को संगठन की केन्द्रीय टीम में शामिल करना बेहतर समझा है। क्योंकि अगर धरमलाल कौशिक को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के बाद डॉण् रमन छत्तीसगढ़ भाजपा की कमान सम्भालते तो पार्टी का एक वर्ग जो प्रकारांतर से विरोध कर रहा हैए उसे एक नया अवसर मिलता। फिर भी अगर डॉण् रमन को छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन की कमान सौंपी जाती तो खुलकर विरोध के कोई आसार नजर नहीं आते। क्योंकि वर्ष 2003 में मुख्यमंत्री बनने के पहले डॉण् रमन के ही संगठन नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आयी थी और उनके राजनीतिक नेतृत्व में भाजपा ने छत्तीसगढ़ में लगातार 15 वर्ष तक राज किया है। बहस का विषय तो यह भी हो सकता है कि डॉण् रमन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने क्या उन्हें केन्द्रीय राजनीति में खींचने का संकेत दिया है।

बहरहाल अब सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि अगर डॉ रमन सिंह राष्ट्रीय संगठन में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभायेंगे तो छत्तीसगढ़ भाजपा का सिरमौर कौन बनेगा अगर डॉण् रमन सिंह की पसंद की बात की जाये तो पूर्व लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत यह जिम्मेदारी प्राप्त कर सकते हैं। किंतु यदि डॉ रमन की पसंद के अलहदा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किसी वरिष्ठ नेता को सौंपी जाती है तो तालमेल बैठाने की कसरत भी बहुत जरूरी होगी। यह भी सम्भव है कि नेता प्रतिपक्ष का पद डॉण् रमन के पसंदीदा धरमलाल कौशिक को दिये जाने से नाराज वर्ग को संतुष्ट करने के लिए किसी अन्य दिग्गज को अवसर दे दिया जाये। किंतु जहां तक छत्तीसगढ़ में भाजपा के आंतरिक समीकरणों का सवाल हैए तो भाजपा का शीर्ष नेतृत्व फिलहाल डॉण् रमन की पसंद को ही महत्व दे सकता है।

रमन राज में करोड़ो की गड़बड़ी सामने आयी

CAG
AUDIT
AUDIT

रायपुर 11 जनवरी। कैग की रिपोर्ट में एक बार फिर बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है। महालेखाकार विजय कुमार मोहंती ने कैग की रिपोर्ट पेश किये जाने के बाद प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी पूरी जानकारी दी। मोहंती ने बताया कि तीन अलग.अलग सेक्टरों में रिपोर्ट पेश की गयी है। सोशल सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आयी है। मोहंती ने बताया कि रिपोर्ट में 21 ऐसे स्कूलों में गड़बड़ियों का खुलासा हुआए जो अस्तित्व में ही नहीं था। उस स्कूल के नाम पर अजा और अजजा के स्कालरशिप लिये जा रहे थे। इस मामले में एक करोड़ 40 लाख रुपये की रिकवरी का आदेश दिये गया है और थाने में एफआईआर करायी गयी है। इस मामले में 20 अधिकारियों पर एफ़आइआर दर्ज की गयी है। इनमें सरकारी स्कूल के 6 प्रिंसिपल ओर प्राइवेट स्कूल के 13 प्रिंसिपल शामिल हैं। वहीं रविशंकर यूनिवर्सिटी में भी तय ट्रांसपोर्ट एलाउंस से ज्यादा भत्ता लिये जाने का खुलासा रिपोर्ट में किया गया है। यह रकम 1 करोड़ से ज्यादा की हैए इसे भी रिकवर किया गया है।

वहीं एक बड़ा ही सनसनीखेज खुलासा करते हुए ई.टेंडर में 4601 करोड़ के 74 कॉमन कम्प्यूटर से गलत तरीके से बिडिंग का खुलासा हुआ है। जिस पर कार्रवाई की गई टेंडर में बड़े पैमाने पर घोटाले का भी खुलासा हुआ है। जांच में कैग ने पाया है कि जिन कंप्युटरों से टेंडर को जारी किया गया थाए उसी कप्युटर आईपी से टेंडर भरे गये। सरकार की ई.टेंडरिंग प्रकिया में 17 विभागों द्वारा चिप्स संस्था के ज़रिए 1921 निविदाओं के 4601 करोड़ की निविदाएं भारी गई। ये सभी निविदाएं एक ही कम्प्यूटर से भरी गई। 79 वेंडर्स ने दो दो पेनकार्ड का उपयोग किया गया। जिसे वेरिफाई नहीं किया गया। ज़्यादातर वेंडर्स के कॉमन ईमेल आईडी से निविदा भरी गई। जिसमें पारदर्शिता का उल्लंघन किया गया।स्वास्थ्य के क्षेत्र में कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राज्य में 90 प्रतिशत स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी है। अस्पतालों में दवाइयों का 40 से 76 प्रतिशत तक की कमी है। वहीं 36 से 71 प्रतिशत प्रयोगशालाओं की कमी हैए जिससे लोगो को सुविधाएं नहीं मिल रही है। चौकाने की बात ये है कि 186 हॉस्पिटल्स 5 साल से अधूरे हैंए जिनमें 14 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ का चतुर्थ महाअधिवेशन 12 एवं 13 को

✷ अधिवेशन के मुख्य अतिथि होंगे डॉ. चरणदास महंत

रायपुर, 11 जनवरी । छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ का चतुर्थ प्रांतीय महाअधिवेशन एवं राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को श्री मारुति मंगलम गुढ़ियारी में आयोजित किया गया है। अधिवेशन का शुभारंभ 12 जनवरी को सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में एवं डॉ. प्रेमसाय सिंह स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. शिव डहरिया नगरीय प्रशासन मंत्री होंगे। उक्ताशय की जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ के अध्यक्ष डॉ. परस शर्मा ने दी। डॉ. शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त अवसर पर सेमीनार का आयोजन किया गया है।

सेमीनार का विषय जीर्ण एवं कष्ट साध्य रोगों के उपचार में आयुर्वेद की भूमिका पर प्रकाश डालने के लिए डॉ. जी.एस. तोमर बीएचयू वाराणसी उत्तरप्रदेश प्रोफेसर ओपी सिंह वाराणसी उ.प्र. डॉ. विनोद कुमार रीडर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय लखनऊ उ.प्र., डॉ. अजय यादव राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हांडिया इलाहाबाद उपस्थित चिकित्सकों को अपने सारगर्भित व्याख्यान से लाभान्वित करेंगे।

डॉ. शर्मा ने बताया कि सेमीनार में छग से चेयरपर्सन डॉ. डीके तिवारी पूर्व प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर, डॉ. डी.के. कटारिया पूर्व प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर, डॉ. रक्षपाल गुप्ता प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर एवं डॉ. जीएस बघेल, प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उपस्थित रहकर चिकित्सकों का मार्ग दर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्मारिका पारिजात का विमोचन होगा।

12 जनवरी को ही रात्रि 7.00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम जोहार का आयोजन कियागया है। जिसमें सुगम संगीत के कलाकारों द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आयुष विश्वविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा उपयोगी कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को जनमानस में प्रतिपादित किया जाएगा। सम्मान समारोह के तहत आयुर्वेद विभूति से डॉ. सुरेन्द्र शर्म पद्मश्री एवं डॉ. व्यास द्विवेदी, तथा डॉ. आरके द्विवेदी अम्बिकापुर का सम्मान किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस ने बनाई 5 महत्वपूर्ण समितियां

रायपुर, 11 जनवरी । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिये पांच समितियों का गठन किया है। ये समितियां है प्रदेश चुनाव समिति, प्रदेश चुनाव अभियान समिति, चुनाव समन्वय समिति, मीडिया समन्वय समिति, चुनाव प्रकाशन समिति है। प्रदेश चुनाव समिति - भूपेश बघेल चेयरमेन, मोतीलाल वोरा, टी.एस. सिंहदेव, अरविंद नेताम, धनेन्द्र साहू, रविन्द्र चौबे, सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर, देवती कर्मा, डॉ. शिव कुमार डहरिया, फ्रंटल संगठनों के सभी राज्य प्रमुख। प्रदेश चुनाव अभियान समिति - भूपेश बघेल चेयरमेन, टी.एस. सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, छाया वर्मा, कवासी लखमा, धनेन्द्र साहू, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, सत्यनारायण शर्मा, रूद्र गुरू, चिंतामणी महाराज, अमितेष शुक्ल, पुष्पा देवी सिंह, रामपुकार सिंह, मनोज मंडावी, राजेन्द्र तिवारी, डॉ. शिवकुमार डहरिया, देवती कर्मा, करूणा शुक्ला, महंत राम सुंदर दास, गंगा पोटाई, प्रेमसाय सिंह, अरूण वोरा, जयसिंह अग्रवाल, गुरूमुख सिंह होरा, कृष्ण कुमार यादव, धनेश पाटिला, अमरजीत भगत, गुरू बाल दास, लखेश्वर बघेल, पी.आर. खुंटे, अरविंद नेताम, किरणमयी नायक, अरूण भद्रा, इदरीश गांधी। चुनाव समन्वय समिति - पी.एल. पुनिया, मोतीलाल वोरा, डॉ. चंदन यादव, अरूण उरांव, भूपेश बघेल, टी.एस. सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, अरविंद नेताम, छाया वर्मा, धनेन्द्र साहू, रविन्द्र चौबे, सत्यनारायण शर्मा, गंगा पोटाई, मोहम्मद अकबर, देवती कर्मा, डॉ. शिवकुमार डहरिया, पुष्पा देवी सिंह, अमितेष शुक्ल, कमला मनहर, राजेन्द्र तिवारी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर (छ.ग.)

क्र. 50/ले.शा./का.अ./लो.स्वां.यां.वि./2018/ कांकेर/ दिनांक 03/01/2019

-:: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ::-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य एवं समय सारिणी अनुसार निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से सलंग्न सूची अनुसार सामग्री के प्रदाय हेतु प्रपत्र ''सी'' में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाऐं केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी तथा प्रदायकर्त्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहे के समक्ष खोली जावेगी। परन्तु किसी भी परिस्थिति में निविदा खोलने हेतु प्रदायकर्त्ता की प्रतीक्षा नहीं की जावेगी।

समय सारिणी :-

1.	निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खण्ड कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक	15/01/2019 (अपरान्ह 5:30 बजे तक)
2.	निविदा प्रपत्र शुल्क जमा करने का दिनांक	अपरान्ह 2:00 बजे तक)
3.	कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक	16/01/2019 (अपरान्ह 5:30 बजे तक)
4.	निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट डाक से खण्ड कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक	24/01/2019 (अपरान्ह 5:30 बजे तक)
5.	निविदा खोलने का दिनांक	25/01/2019 (प्रातः 11:30 बजे पश्चात)

समूह क्र	सामग्री का नाम	अनुमानित लागत रू. लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता अवधि
01	जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विभिन्न ग्रामों में 7 नग थ्री फेस 4 एच.पी. पावर पंप स्थापना संबंधित कार्य।	4.76	3570	750	2 माह

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी-57291

निगम ने होटल लिटिल हट पर शौचालय मेरा अधिकार के तहत 5 हजार का जुर्माना किया

रायपुर, 11 जनवरी । नगर निगम रायपुर के जोन 7 स्वास्थ्य विभाग ने शौचालय मेरा अधिकार अभियान के तहत जनषिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान सही मिलने एवं होटल में शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने पर इसे गंभीरता से लेते हुए राजधानी के जीई रोड स्थित राजकुमार कालेज के सामने लिटिल हट होटल प्रबंधक पर स्थल पर 5 हजार रू. जुर्माना किया एवं उन्हें शौचालय मेरा अधिकार के तहत तत्काल अपने व्यवसायिक संस्थान में आने वाले लोगो की सुविधा हेतु शौचालय की व्यवस्था करना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये।

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम) (आइएसओ. 9001 कंपनी)
बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स, बचेली -494553, जिला : दक्षिण बस्तर (दन्तेवाड़ा) छ.ग.
फोन नं. 07857-230210, मोब. 95750 34854, फैक्स 230423, 230170, 231253
खुली निविदा सूचना/ Open Tender Notice

बी आई ओ एम/ बीसी/ संविदा / प्रकाशन / 2018-19/010 दिनांक : 12/01/2019

निम्नांकित कार्यो के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता हमारी वैबसाइट www.nmdc.co.in देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस निविदा सूचना से संबन्धित किसी भी जानकारी के लिए bldScontracts@nmdc.co.in पर संपर्क करें। निविदा फॉर्म को एनएमडीसी बचेली के संविदा प्रबंधन प्रकोष्ठ में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

Sl. No.	Tender No.	Name Of Work	Estd. Cost (Rs.Lakhs)	Last Date of Submission
1.	BIOM/BC/CIVIL/CMC/OTE (10)/2019-20/C-036	Manpower Supply for Development & Maintenance of Nursery, Floral Park, Smriti Van and Herbal Park	35.56	02/02/2019
2.	BIOM/BC/MATL/CMC/OTE(10)/2019-20/MATL-002	Manpower Supply for various works in Materials Department, CSD-Hilltop and CSD Bacheli	36.54	03/02/2019
3.	BIOM/BC/CIVIL/CMC/OTE (10)/2018-19/C-012	External Face-lifting works of Type-II, III, IV & V Quarters at Bacheli Complex	100.48	04/02/2019
4.	BIOM/BC/CIVIL/CMC/OTE (10)/2018-19/C-013	External Face-lifting works of Type-I, II, III, IV & V Quarters at Bacheli Complex	90.04	05/02/2019
5.	BIOM/BC/CIVIL/CMC/OTE (10)/2018-19/C-037	De- silting of Pit No. 1, 2 & 3 and Misc Works at FOD and other Peripheral areas of Bacheli Complex	59.09	07/02/2019
6.	BIOM/BC/CIVIL/CMC/OTE (10)/2018-19/C-030	Construction of new Dumper Repair Shop for 100T Capacity at Service Centre, Deposit-5, Bacheli	377.48	08/02/2019
7.	BIOM/BC/GED/CMC/OTE (10)/2019-20/G-008	Loading of Iron Ore into Trucks for Dispatch to Customers for the Year 2019-20	28.89	09/02/2019

जॉइंट जनरल मैनेजर (M&S) CMC
बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स